राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् उत्तराखण्ड
State Council of Educational Research and Training, Uttarakhand
Tapovan Road, Nalapani, Dehradun, Pin - 248001
Phone:0135-2789655 Fax: 0135-2789656, Website: www.scert.uk.gov.in
E-mail: scertuk@gmail.com, scert_ua@reddiffmail.com

सेवा में,

समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी,
उत्तराखण्ड

पत्रांक– SCERT/NEP/Bag Less Days/236–44/2024–25 दिनांक– 24.अप्रैल 2024

विषय– प्रदेश के उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में दिनांक 27 अप्रैल 2024 को प्रथम बस्ता रहित दिवस के संचालन विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के पत्रांक SCERT/NEP/Bag Less Days/222–230/2024–25 दिनांक–24.अप्रैल 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 की अनुशंसानुसार शैक्षिक सत्र 2024–25 से प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को बस्तारहित दिवस के रूप में मनाये जाने हेतु सुझावात्मक गतिविधियां प्रेषित की गयी हैं। इस क्रम में शैक्षिक सत्र 2024–25 का प्रथम बस्ता रहित दिवस दिनांक 27 अप्रैल 2024 (अंतिम शनिवार) को आयोजित किया जाएगा।

अतः आप जनपद के उच्च प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालयों में दिनांक 27 अप्रैल 2024 को प्रथम बस्ता रहित दिवस की गतिविधियां आयोजित किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करवाने का कष्ट करें। साथ ही विद्यालयों में उक्त दिवस को सम्पादित गतिविधियों की फोटो सहित आख्या जनपद कार्यालय में संकलित करते हुए सॉफ्ट कॉपी में परिषद कार्यालय की ई–मेल (neputtarakhand@gmail.com) पर दिनांक 30 अप्रैल 2024 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

संलग्न– यथोपरि।

भवदीया
(बंदना गर्ब्याल)
निदेशक
अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण
उत्तराखण्ड

पृ०सं०– SCERT/NEP/Bag Less Days/236–44 /2024–25 दिनांक–तद्दिनांक

प्रतिलिपि–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड।
2. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड।
3. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड।
4. सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर, नैनीताल।
5. अपर राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड को इन आशय से कि वे उक्तांकित निर्देशों को विद्या समीक्षा केन्द्र के माध्यम से प्रसारित करने की कार्यवाही करेंगे।
6. अपर निदेशक, एस.सी.ई.आर.टी. उत्तराखण्ड।
7. समस्त प्राचार्य डायट उत्तराखण्ड।
8. सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी/उप शिक्षा अधिकारी को सम्बन्धित मुख्य शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उक्त के अनुपालनार्थ प्रेषित।

अधिक जानकारी के लिए यहाँ क्लिक करें -

https://drive.google.com/file/d/1CeNldy7ZZCMbFjLQSeqnwFeIESAImJRl/view?usp=sharing

निदेशक
अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण
उत्तराखण्ड
24/04/24